(ख) क्या इस परियोजना के अंतर्गत इस डूब क्षेत्र का विस्तार होने की संभावना है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या यह सुनिश्चित किया गया है कि मध्य प्रदेश की और अधिक भूमि इस में न आए ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी, हां ।

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार ने मध्य प्रदेश में जलमग्नता का क्षेत्र संशोधित किया हैं जो 253 हैक्टेयर (625 एकड़) है ।

(ग) उत्तर प्रदेश सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार से उसके क्षेत्र को जल-मग्नता के लिए सहमति प्राप्त करनी है।

उत्तर प्रदेश में टोंस नदी पर बांध का निर्माण

3486. **श्री शिव प्रसाद जनपुरिया** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर टोंस नदी पर उदवहन सिंचाई परियोजना हेतु एक बांध का निर्माण कर रही है;

(ख) क्या यह भी सच है कि बाढ़ आने पर इस बांध से मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्र और आबादी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने डूब में आने वाले क्षेत्रों और पानी के बंटवारे के संबंध मे मध्य प्रदेश सरकार की मंजूरी प्राप्त कर ली है;

(घ) मध्य प्रदेश की भूमि, संपत्ति और आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करन के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ;

(ङ) क्या केंद्रीय सरकार ने इस परियोजना को अपनी मंजूरी दे दी हैं ; और

(च) यदि नहीं, तो इस परियोजना का वित्तपोषण किस प्रकार से किया जा रहा है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश सरकार ने मध्य प्रदेश के साथ उसकी सीमा के निकट अनुमोदित टोस नहर परियोजना के अनुसार उसी स्थान पर एक बड़े क्रेस्टिड वीयर का निर्माण शुरू किया है । तथापि यह विवाद है कि मध्य प्रदेश के कितने क्षेत्रों और आबादी पर जलमग्नता का प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ।

(घ) उत्तर प्रदेश ने, जहां कहीं आवश्यक हो, बधों के निर्माण द्वारा मध्य प्रदेश में प्रभावित भूमि की सुरक्षा का आश्वासन दिया है ।

(ङ०) और (च) पम्प टोंस नहर परियोजना योजना आयोग द्वारा मार्च, 1969 में अनुमोदित की गई थी । अगस्त, 1990 में संशोधित परियोजना प्रस्ताव पर, उत्तर प्रदेश सरकार से मध्य प्रदेश क्षेत्रों की जलमग्नता के बारे में उस राज्य सरकार से सहमति प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है । उत्तर प्रदेश ने सूचित किया हैं कि मध्य प्रदेश सरकार से सहमति के अभाव से वीयर का निर्माण स्थगित कर दिया गया है ।

Damage of property due to flood in Assam

3487. SHRI BHADRESWAR BURAGOHAIN: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) what is the total amount of loss of property and crops damaged by the recent flood in Assam;